जूनागढ़ में दो दिन से हो रही वर्षा के बाद बाढ़ में फंसे लोग

राज्य ब्यूरो, अहमदाबाद : गुजरात में भारी वर्षा हो रही है। पिछले 24 घंटे में जूनागढ़ के विसावदर में 398 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई। जिले के निचले इलाके में बाढ़ में लोग फंसे हुए हैं। अहमदाबाद – मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर पानी भर जाने से यातायात अवरुद्ध हुआ। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ़) की टीमों को कच्छ, जामनगर, जूनागढ़ और नवसारी में तैनात किया गया है।

मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने बाढ़ प्रभावित लोगों से मिलकर हालात की जानकारी ली है। मौसम विभाग ने जूनागढ़, अमरेली, नवसारी, डांग और वलसाड जिलों में अत्यधिक वर्षा की चेतावनी दी है। पांच जुलाई तक राज्य के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। सौराष्ट्र-कच्छ और दक्षिण गुजरात जिलों के कई हिस्सों में शुक्रवार और शनिवार को भारी बारिश हुई। गांधीधाम रेलवे स्टेशन में पानी भर गया। पानी के तेज बहाव में फंसे तीन लोगों को सुरक्षित निकाला गया। विश्वामित्री नदी का जलस्तर बढ़ रहा है।

गुजरात के गिर सोमनाथ में मूसलधार वर्षा से कुछ क्षेत्रों में बाढ़ जैसी स्थिति है। लोग जलमग्न सड़क से आवागमन को बाध्य हैं • प्रेट्र

बिजली के खंभे पर फंसे थे, वायुसेना ने बचाया

प्रेट्र के अनुसार वायुसेना ने जूनागढ़ में शनिवार को दो लोगों को बचाया, जो भारी बारिश के कारण जूनागढ़ में बाढ़ के बीच कई घंटों तक बिजली के खंभे पर चढ़े हुए थे। कलेक्टर अनिल राणावासिया ने बताया कि दोनों ग्रामीण शुक्रवार शाम अपने खेत में गए थे। बारिश के कारण वहां फंस गए। इलाके में पानी भर जाने के बाद दोनों बिजली के खंभे पर चढ़ गए। दोनों ने मोबाइल फोन से जब यह जानकारी दी तो एनडीआरएफ को भेजा गया। लेकिन जब हमें लगा हुआ कि उन्हें बचाना कठिन है तो हमने राज्य सरकार से मदद मांगी। इसके बाद दोनों को हेलीकाप्टर से एयरलिफ्ट किया गया।

चार जुलाई तक गोवा में हो सकती है भारी वर्षा

मौसम विभाग ने चार जुलाई तक गोवा के कुछ हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश की भविष्यवाणी की है। 45-55 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से 65 किमी प्रति घंटे तक की तेज हवाएं भी चलेंगी। मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है। अगले तीन-चार दिनों तक मुंबई, पालघर, ठाणे में मध्यम से भारी बारिश की भविष्यवाणी की गई है। मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों तक असम में भी भारी से बहुत भारी बारिश होने की भी भविष्यवाणी की है। निचले असम के कई इलाकों के लिए आरेंज अलर्ट जारी किया है, जबकि अन्य जिलों के लिए येलो पीला अलर्ट जारी कर दिया गया है।

nwda.gov.in